दिनांक : 06.08.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन करेंगे।
- शिखर खेल अलंकरण और 38वें नेशनल गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित।
- राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा- मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय हो।
- प्रदेश में भारी बारिश का दौर थमा। आज भिंड, मुरैना और श्योपुर में बारिश का यलो अलर्ट।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री - कर्तव्य भवन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। कर्तव्य भवन-3 व्यापक बदलाव किए गए सेंट्रल विस्टा का हिस्सा है। यह आगामी कई सामूहिक सेंट्रल सेक्रेटेरियट भवनों में पहला है जिसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और शासन को चुस्त और अधिक सक्षम बनाना है। पेश है एक रिपोर्ट :-

भारत-फिलीपींस-राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारत-फिलीपींस साझेदारी को दोनों देशों के लोगों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा है कि यह क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि का आधार है। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलदेज़ मार्कोस जूनियर का भारत के पहले राजकीय यात्रा पर स्वागत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग में निरंतर उच्च-स्तरीय जुड़ाव, बढ़ता व्यापार और वाणिज्य, समुद्री क्षेत्र सहित मज़बूत रक्षा और सुरक्षा सहयोग तथा विकास साझेदारी शामिल हैं। दोनों देशों के राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर फिलीपींस के राष्ट्रपति की यात्रा दोनों देशों के बीच मज़बूत साझेदारी को सुदृढ़ बनाने में सहायक होगी। राष्ट्रपति मुर्मु ने फिलीपीनी राष्ट्रपति के सम्मान में भोज भी आयोजित किया।

मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण

मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण और 38वें नेशनल गेम्स-2025 के पदक विजेताओं को कल सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सम्मान समारोह में 38वें नेशनल गेम्स 2025 के 34 स्वर्ण पदक विजेता, 25 रजत और 23 कास्य पदक विजेता को सम्मानित किया। कुल 18 खेलों के 82 पदक विजेताओं को सम्मान स्वरूप 5 करोड़ 46 लाख की राशि दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मानित और पुरस्कृत खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सहकारिता-बैठक

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय सहकारी समितियों को जीवंत और सफल व्यवसायिक इकाईयों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। देश में पांच वर्षों में दो

लाख बहुद्देशीय सहकारी समितियों की स्थापना के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को देखते हुए अभी तक 35 हजार से अधिक नई सहकारी समितियों का गठन हुआ है। सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने की पहलों के संबंध में कल नई दिल्ली में अपने मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री शाह ने कहा कि सहकारिता का क्षेत्र भूमिहीन और गरीब लोगों के लिए खुशहाली का मार्ग खोल सकता है। बैठक में केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल और मुरलीधर मोहोल ने भी भाग लिया।

सेना-उत्तराखंड

भारतीय सेना ने कहा है कि उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने के बाद फंसे हुए लोगों का पता लगाने और उनकी सहायता के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों के साथ खोज और बचाव अभियान जारी है। सेना ने बताया कि 20 से अधिक नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। घायलों को हर्षिल में सेना के चिकित्सा केंद्र में चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। सेना के 150 कर्मी 10 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुँच गए और तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया था।

राज्यपाल-दुधारू समीक्षा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना की समीक्षा बैठक की। राजभवन के जवाहर खण्ड सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में राज्यपाल श्री पटेल ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के प्रत्येक चरण के क्रियान्वयन में गंभीरता रखें। पात्र हितग्राही को योजना का लाभ दिया जाए। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय हो। राज्यपाल पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना अति पिछड़ी जनजातियों के कल्याण की महत्वाकांक्षी योजना है। यह बैगा, भारिया और सहारिया जनजातियों के जीवन स्तर को बेहतर करने वाली योजना है। वहीं, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा कि योजना की सफलता के लिए सतत मॉनिटरिंग आवश्यक है।

कैबिनेट

विधानसभा के मानसून सत्र के बीच कल कैबिनेट की बैठक हुई। विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में जबलपुर जिले के रांझी में 100 बिस्तर का नया सरकारी अस्पताल बनाने के लिए पांच एकड़ जमीन देने के प्रस्ताव के साथ ही कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने मुरैना जिले में सोलर इनर्जी प्लांट लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चौथे चरण को सरकार ने मंजूरी दी है।

हर घर तिरंगा अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता और स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आग्रह किया है कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक गांव और प्रत्येक वार्ड में राष्ट्र भक्ति के वातावरण के निर्माण और तिरंगे पर केन्द्रित गतिविधियां आयोजित की जाएं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा 2 से 15 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के साथ घर और कार्यालय के साथ वाहनों पर तिरंगा लगाने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश भेजे गए हैं।

मौसम

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश कई जिलों में आज हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने भिंड, मुरैना, श्योपुर जिलों में आज भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा भोपाल, विदिशा, रायसेन सहित अन्य जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। पिछले 24 घंटों में भिंड जिले में भारी बारिश दर्ज की गई। जिले के रौन में 2 दशमलव 8 इंच बारिश दर्ज की गई।

शतरंज- चेन्नई मास्टर्स

चेन्नई में आज शतरंज की चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स प्रतियोगिता शुरू होगी। इस प्रतियोगिता में दो राउंड रोबिन समूह शामिल हैं, जिन्हें मास्टर्स और चैलेंजर्स के रूप में दो वर्गों में बांटा गया है। मास्टर्स के पहले राउंड में आज भारतीय ग्रैंड मास्टर अर्जुन एरिगाइसी का सामना अमरीकी खिलाड़ी एवोंडर लियांग से होगा। वहीं विदित गुजराती का सामना नीदरलैंड्स के जार्डेन वान फोरीस्ट से होगा। चैलेंजर वर्ग में सभी भारतीय खिलाड़ी भाग लेंगे। उनमें महिलाओं में हारिका द्रोणावल्ली और वैशाली रमेशबाबू के मुकाबले शामिल हैं। दोनों वर्गों में एक राउंड रोबिन फार्मेट होगा और खिलाड़ियों को नौ राउंड में भाग लेना होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खंडवा जिला कलेक्टर ने कल विकासखंड खालवा के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को दागने जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया।
- नर्मदापुरम जिले में केन्द्रीय रेशम बोर्ड, द्वारा संचालित "मेरा रेशम मेरा अभिमान" कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं के लिए रोगाणु और बीमारी प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- जबलपुर मुख्य और मदनमहल स्टेशन पर स्वतंत्रता दिवस के परिप्रेक्ष्य में विशेष स्वच्छता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कर यात्रियों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।
- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मध्यप्रदेश द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत जारी की गई रैंकिंग में मंडला जिले को शीर्ष 5 जिलों में शामिल किया गया है।
- गुना जिला कलेक्टर ने आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए 'मिलावट के विरुद्ध अभियान' अंतर्गत खाद्य सामग्री की नियमित सैंपलिंग और जांच के निर्देश दिए।
- इंदौर जिले में शौर्यादल योजना के तहत किशोरी बालिकाओं की मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन कल कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुआ।

-------